# उन्हेल पुलिस ने 55 .47 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की

▸ 55 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**उन्हेल। मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उज्जैन पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। उन्हेल थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक बाइक सवार युवक और महिला को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 55.47 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त मादक पदार्थ की कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये आंकी गई है।**

**चैकिंग के दौरान पकड़ाए आरोपी:** पुलिस के अनुसार 20 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे जब पुलिस टीम इंगोरिया चौपाटी पर वाहन चैकिंग कर रही थी।तभी नागदा की ओर से बिना नंबर की एक काले रंग की टीवीएस रेडर बाइक आती दिखी। पुलिस को देखकर बाइक चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए नवादा चौपाटी के पास उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है।मोहम्मद सोहेल 34 वर्ष निवासी विकास प्राधिकरण, बेगम बाग, थाना महाकाल। आरोपी सोहेल के विरुद्ध थाना महाकाल में पहले से 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं। रुबीना शाह 36 वर्ष) निवासी अयोध्या बस्ती, महिदपुर।

**रतलाम से लाया जा रहा था नशा:** पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी यह ड्रग्स रतलाम से लेकर आ रहे थे और इसे स्थानीय स्तर पर खपाने की योजना थी। पुलिस ने इनके पास से एक काले रंग का बैग बरामद किया, जिसमें रखे पॉलीथिन के अंदर भूरे रंग का खुरदरा पदार्थ (एमडी ड्रग्स) मिला। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 8/22 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**टीम की सराहनीय भूमिका**

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष चौहान, उपनिरीक्षक राजेश कलमी, नरेंद्र भूरिया और उनकी टीम महेंद्र मिश्रा, रामेश्वर पटेल, संजीव नैन, कृपाशंकर, सतीश राठौर, महिला आरक्षक अंजली एवं क्राइम ब्रांच उज्जैन के सदस्य की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब इस चैन से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश कर रही है।

# दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति ने सौंपा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन




**महिदपुर।** दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति द्वारा प्रदूषण एवं बदबूदार जल की समस्या को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन का वाचन करते हुए दीप्ति मल्होत्रा द्वारा बताया गया कि नलों में प्रतिदिन बदबूदार मैला पानी आ रहा है जिससे नगर में महामारी फैलने की आशंका है साथ ही जिला संयोजिका रजनी गुलाटी ने बताया कि नगर में नारायण रोड पर अवैध अतिक्रमण एवं आवारा पशुओं के चलते आम नागरिक परेशान हो रहे हैं।

वसुधा आचार्य ने कहा कि मेला रोड एवं गंगावाड़ी में नगर पालिका द्वारा कचरे को कहीं भी फेंका जा रहा है महिदपुर नगर में अंडे की ठेला गाड़ियों को भी विक्रय के लिए एक अलग स्थान दिया जाए ताकि धार्मिक भावना दूषित ना हो ।अगर नगर पालिका द्वारा इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो दुर्गा वाहिनी वृहद स्तर पर आंदोलन करेगी । ज्ञापन देते समय अनीता मल्होत्रा, सरिता कालरा, रीना गेरा, लवलीन कालरा, प्रभा शर्मा, सोनू रोहिणी मेहता, रेखा चैरसिया, नीतू जैन, पुष्पा टक्कर, सुनीता पोरवाल, दुर्गा असोदिया, रानू प्रजापत, राधा शर्मा, राधिका शर्मा आदि मातृ शक्ति उपस्थित रही। यह जानकारी जिला सहसंयोजिका सरोज पोरवाल द्वारा दी गई।

## एक नजर में

### अंधाधुंध अवैध कटाई पर रोक लगाकर कार्रवाई करने की मांग



**महिदपुर।** नगर व क्षेत्र में भारी अंधाधुन्ध अवैध वनों की बेसीतम कटाई से पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है।वृक्षों की इस अवैध कटाई से जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है तथा अवैध कटाई का बेखौफ परिवहन मुख्य मार्गों की सड़कों पर धड़ाकेबंद ट्रैक्टरों से परिवहन हो रहा है।जिससे कभी भी भारी दुर्घटना हो सकती है व जन धन की हानि हो सकती है। स्थानीय प्रशासन की मूकदर्शिका से इस अवैध धंधे में लगे व्यक्तियों की हिम्मत कानून का बेखौफ मखौल उड़ाने का आदि हो गया है।स्थानीय राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ऐसे व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करके आम जनजीवन को राहत प्रदान करें।सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने कलेक्टर उज्जैन पुलिस अधीक्षक उज्जैन एवं डीएफओ उज्जैन से सतत निरीक्षण व जांच करके आरा मशीनों पर अवैध कटाई चिराई व अवैध संग्रह पर ठोस एवं परिणामी कार्रवाई कर कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई की जाए।

### अग्रवाल अध्यक्ष, गर्ग सचिव बने



**इंदौर .** अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद की वार्षिक साधारण सभा में परिषद के संचालक मंडल के वर्ष 2026-27 के चुनाव सर्वानुमति से सम्पन्न हुए जिसमें राजेंद्र अग्रवाल स्टेशनरी अध्यक्ष एवं आशीष गर्ग स्टूडियो सचिव निर्वाचित घोषित किए गए . चुनाव अधिकारी गोपाल बंसल के निर्देशन में नए संचालक मंडल की निर्वाचन प्रक्रिया एमजी रोड स्थित एक होटल में परिषद की वार्षिक साधारण सभा के दौरान संपन्न हुई, जिसमें सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्रस्तुत होने से सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए . अन्य पदाधिकारियों में राजेंद्र गोयल समाधान उपाध्यक्ष एवं निशा आलोक बंसल महिला उपाध्यक्ष, सुरेश गुप्ता कोषाध्यक्ष एवं रुपेश गर्ग सह सचिव निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी में पुरुष वर्ग से प्रतीक गोयल, आशीष अग्रवाल, राजेश सिंघल, अतुल गोयल, रत्नेश गोयल, आशीष गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल जिंसी एवं अमित गोयल तथा महिला कार्यकारिणी में सपना रितेश बंसल, शिखा आशय गर्ग, शीतल नितीश सिंघल एवं विजया विवेक बंसल मनोनीत किए गए .

### नर्मदा जल मिलने पर रहवासियों ने किया पूजन

**इन्दौर .** शहर के तेजी से विकसित होते निपानिया क्षेत्र स्थित बीसीएम प्लेनेट सोसाइटी के रहवासियों के लिए आज का दिन उत्सव जैसा रहा।लंबे समय के इंतजार और प्रयासों के बाद आज सोसाइटी में नर्मदा लाइन से जलप्रदाय विधिवत प्रारंभ हो गया।जैसे ही नलों में नर्मदा का जल पहुँचा, रहवासियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पूरे परिसर में हर्षोल्लास का माहौल छा गया।नर्मदा लाइन शुरू होने के ऐतिहासिक अवसर पर समस्त रहवासियों ने एकत्रित होकर माँ नर्मदा की विशेष पूजा-अर्चना की। महिलाओं और बुजुर्गों ने कलश पूजन कर जल का स्वागत किया . सोसाइटी के एसएन सोनी, रोमा अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए सभी रहवासी लंबे समय से प्रयासरत थे . नर्मदा जल मिलने से अब टैंकरों पर निर्भरता खत्म होगी और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा . इस दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया . रहवासियों का कहना है कि नर्मदा जल का आना उनके लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है, क्योंकि इसके लिए पूरी सोसाइटी ने एकजुट होकर प्रयास किए थे .

### काव्य संग्रह एकांत का शोर का विमोचन

**इंदौर .** काव्य संग्रह एकांत का शोर का विमोचन किया गया . साथ ही मित्र मिलन समागम झरना 71 के पूर्व छात्र इस बार इंदौर में एकत्र हुए . इस एल्युमिनी ग्रुप ने तब के सहपाठियों को जोड़ कर रखा हुआ है . झरना71 ने अपने सहपाठी अजय साकल्ले के काव्य संग्रह को न केवल प्रकाशित किया है वरन यहाँ इंदौर में विमोचन हेतु सभी उपस्थित हुए है . हिंदी के वरिष्ठ कवि अजय साकल्ले के काव्य संग्रह एकांत का शोर का विमोचन स्थानीय होटल में सम्पन्न हुआ . काव्य सँग्रह का विमोचन झरना71 के मित्र जे के जैन, सेवा निवृत्त हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में, झरना मित्र संतोष चौबे कुलाधिपति सी वी रमन विश्व विद्यालय भोपाल के मुख्य आतिथ्य एवं शिक्षाविद एम आर मंडलोई द्वारा किया गया . स्वागत भाषण प्रदीप अग्रवाल द्वारा दिया गया . काव्य संग्रह की समीक्षा हर्षवर्धन व्यास द्वारा की गई . मुख्य अतिथि संतोष चौबे द्वारा अपने उद्बोधन में कवि की कुछ रचनाओं का पाठ किया गया . रायपुर से दिनेन्द्र सहगल,भोपाल से नरेंद्र दुबे, जलगांव से प्रदीप अग्रवाल, अयोध्या से रविन्द्र यादव, इंदौर के डॉ बी एस चौहान, सी/ए कमलबीर सिंह अजमानी,गिरीश जैन, प्रदीप रुनवाल सेवा निवृत्त डी आई जी एवं अतुल साकल्ले परिवार सहित उपस्थित रहे . संचालन राजीव शाह द्वारा किया गया . कवि अजय साकल्ले का आत्मकथ्य वाचन संदीप अत्रे द्वारा किया गया . आभार प्रदर्शन प्रदीप अग्रवाल द्वारा किया गया .

### जाटव अहिरवार समाज के 51 जोड़ों का विवाह

**इंदौर .** प्रज्ञाशील जाटव अहिरवार समाज कल्याण समिति की ओर से 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ . इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया, विवाह समारोह में भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जब कन्या पक्ष के परिजनों ने अपनी बेटियों का हाथ दूल्हों के हाथ में सौंपते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की . उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों ने सभी 51 जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं . कार्यक्रम में संरक्षक प्रमोद धुलधोए, संयोजक राजेश माटोलिया, सोनू गोरखिया, अध्यक्ष अमरसिंह माथोलिया मौजूद थे .

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस और डॉ . इकबाल की स्मृति में किया रक्तदान

▸ सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने रक्तदाताओं को गुरु गोविंद सिंह अवार्ड से किया सम्मानित




**उज्जैन। महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस और सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के रचयिता डॉ. इकबाल की स्मृति में जिला ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस शिविर में शहर के युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।**

सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। इस अवसर पर समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने रक्तदान को सबसे बड़ा पुण्य का कार्य बताते हुए युवाओं से अपील की कि वे वर्ष में एक बार जरूर रक्तदान करें। उन्होंने बताया कि एक युवा साल में चार बार रक्तदान कर सकता है और अनेक जीवन बचाने में अपना योगदान दे सकता है। युवाओं का यह रक्तदान जरूरतमंदों के लिए अमृत साबित होगा। शिविर के संयोजक नासिर मंसूरी हसन और सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया कि रक्तदान करने वाले युवाओं को गुरु गोविंद सिंह जी अवार्ड से सम्मानित किया गया।आयोजन में बतौर अतिथि मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, डॉ. संगीता गुप्ता, शाकिर शेख, सादिक मंसूरी, शरीफ खान, डॉ. शकील अंसारी, सैयद रिजवान, रईसुल हसन जागीरदार, खुशी भाटी, एडवोकेट जाहिद नूर, अनुदीप गंगवार, यूनुस शेख और सुनील साहू सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

शिविर व्यवस्था में जिला ब्लड बैंक की ज्योति दास और प्रीति खरे का उल्लेखनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन खुशी भाटी ने किया तथा आभार संयुक्त सचिव हाजी इस्माइल भाई रंगवाला ने माना। आयोजन की जानकारी उप संयोजक सैयद उस्मान हसन और प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।




# पानी की समस्या को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ से मुलाकात की

**महिदपुर।** शहर के शिप्रा नदी में कान्ह नदी के प्रदूषित जल के मिलने के कारण पेयजल समस्या को लेकर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ राजा यादव से मुलाकात की। साथ ही पेयजल समस्या के निराकरण करने को लेकर सार्थक चर्चा की गई।

इस दौरान भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ द्वारा फोन पर सीएमओ राजा यादव चर्चा कर समस्या के निराकरण के लिए दिशा निर्देश दिए गए। सीएमओ राजा यादव ने बताया कि पानी के ट्रीटमेंट के लिए नगर पालिका द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। प्रतिदिन पानी की जांच भी कराई जा रही है। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर शिप्रा नदी में शुद्ध पेयजल भेजने की मांग भी की है। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव द्वारा पेयजल समस्या के स्थाई हल की मांग भी की गई। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर मूणत, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य एवं मंडल उपाध्यक्ष निर्भयसिंह भाटी, महामंत्री दिनेश ग्रोवर और निलेश सोलंकी मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी अर्जुनसिंह ठाकुर ने दी।

# अक्षय तृतीया पर क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज का सामूहिक विवाह, 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**उज्जैन।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मांगलिक आयोजन में समाज के 10 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक-दूसरे का हाथ थामकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। समाज के वरिष्ठ जनों और उपस्थित जनसमूह ने नवयुगलों को सुखद भविष्य का आशीर्वाद दिया।

आदर्श सामूहिक विवाह समिति के सचिव मनोहर गेहलोत ने बताया कि मुख्य समारोह से पूर्व शहर में एक भव्य चल समारोह एवं गंगाजल कलश यात्रा निकाली गई।गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे माहौल उत्सवमय हो गया। दोपहर 12 बजे से विवाह की मुख्य रस्में शुरू हुईं। विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया गया। आयोजन के सफल संचालन में संयोजक हिम्मत बागड़ी, विवाह समिति अध्यक्ष विष्णुकुमार सांखला और समाज अध्यक्ष मोती भाटी की अहम भूमिका रही। दिनभर चले इस गरिमामय कार्यक्रम के पश्चात शाम 4 बजे नवदंपत्तियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान परिजनों की आँखें नम थीं, वहीं समाज ने नई परंपराओं को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ जोड़ों को विदा किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मंगल कछावा, मनोहर गेहलोत, पुखराज भाटी, नवीन मारोठिया, देवेंद्र बागड़ी, अभिषेक देवड़ा, मुकेश गेहलोत, सत्यनारायण कछावा, पंकज जादम, कैलाश गेहलोत, मोहनलाल गेहलोत, प्रवीण गेहलोत और किशोर कुमार भाटी सहित अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भाटी ने बताया कि सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज ने फिजूलखर्ची रोकने और एकता का संदेश दिया है।

# शांतिनाथ दादा का वार्षिक ध्वजारोहण

**महिदपुर। शांतिनाथ जिनालय का वार्षिक ध्वजा रोहण जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक तपागच्छ संघ की आज्ञा से लाभार्थी परिवार मांनमल, चंद्रप्रकाश, वैभव कुमार, मंडलेचा सोनी के द्वारा ध्वजारोहण, सत्तरभेदी पूजा, संघ प्रभावना की गई।**



इस अवसर पर संघ अध्यक्ष संजीव कुमार मंडलेचा सोनी, धर्मचंद, सुरेश, अतुल आंचलिया, मनोज लुक्कड़, अशोक सोनी, संतोष कोचर, मयंक सोनी ज्ञानचंद, श्रेणिक, अभिषेक कोचर, राकेश पोखरना, विमल मेहता, राजेश रुनवाल, शैलेष कोचर, जसवंत, योगेंद्र, प्रवीण, ललित, अमृत नास्कावाला, अनिल कोचर आदि उपस्थित थे। श्री सिद्धचक्र महिला मंडल द्वारा सत्तर भेदी पूजन पढ़ाई गई। ध्वजा विधि पूनमचंद रुनवाल के द्वारा की गई। संचालन संघ सचिव ललित गार्डी ने किया, आभार परिवार की ओर से चंद्रप्रकाश मंडलेचा सोनी ने माना।

**एक नजर** ▸ नानाखेड़ा में 7 मंजिला 'कॉम्प्लेक्स' बना आकर्षण, फ्लैट-शॉप के लिए होड़

# प्रतिकल्पा में निवेश का आखिरी मौका, 24 अप्रैल तक होगी बुकिंग

**उज्जैन।** तेजी से बदलते शहर में विकास की रफ्तार अब नए आयाम गढ़ रही है। इसी कड़ी में उज्जैन विकास प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित परियोजना प्रतिकल्पा इन दिनों निवेशकों और आम नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने स्थित इस आधुनिक आवासीय एवं वाणिज्यिक परिसर में फ्लैट और दुकानों की बुकिंग के लिए अंतिम तिथि 24 अप्रैल तय की गई है।खास बात यह है कि इस परियोजना का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जा चुका है, जिसके बाद से इसमें रुचि लगातार बढ़ती जा रही है। प्राधिकरण के अनुसार इच्छुक व्यक्ति, फर्म, संस्था या कंपनी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।पहले ही ऑनलाइन टेंडर जारी किया जा चुका है और अब अंतिम चरण में आम जनता का जबरदस्त रुझान देखने को मिल रहा है।

**70 करोड़ की लागत से बना आधुनिक 7 मंजिला कॉम्प्लेक्स :** उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा करीब 70 करोड़ रुपए की लागत से तैयार प्रतिकल्पा शहर का पहला 7 मंजिला वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स है।करीब 37,650 वर्गफीट क्षेत्रफल में निर्मित इस परियोजना का कुल निर्मित क्षेत्रफल लगभग 1.5 लाख वर्गफीट है।



**निवेश के लिहाज से भी आकर्षक विकल्प:** विशेषज्ञों के अनुसार नानाखेड़ा क्षेत्र शहर का तेजी से विकसित होता हुआ इलाका है, जहां बस स्टैंड, मुख्य सड़कों और भविष्य की शहरी योजनाओं के कारण प्रॉपर्टी वैल्यू में लगातार वृद्धि की संभावना है।ऐसे में प्रतिकल्पा में निवेश करना भविष्य के लिहाज से लाभकारी माना जा रहा है।

### ▸ एक नजर कॉम्पलेक्स पर

- भूतल पर 2 बड़ी दुकानें (2000 वर्गफीट) और 7 दुकानें (1400-1980 वर्गफीट)प्रथम तल पर 11 दुकानें (756-1740 वर्गफीट) 29 फ्लैट (3क्राय, 1320-2350 वर्गफीट)
- 24 फ्लैट (2बीएचके, 851 वर्गफीट)
- 6 आधुनिक लिफ्ट
- 80 कारों की पार्किंग सुविधा
- 2 बेसमेंट पार्किंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह परियोजना न केवल रहने बल्कि व्यापार के लिए भी एक प्रीमियम लोकेशन के रूप में उभर रही है।

### ▸ 250 हेक्टेयर में नई नगर विकास योजना

इसी के साथ उज्जैन विकास प्राधिकरण शहर के विस्तार को ध्यान में रखते हुए एक और बड़ी योजना पर काम कर रहा है।विक्रमनगर रेलवे स्टेशन के पास ग्राम नीमनवासा, धतरावदा, नागझिरी, कोठीमहल और लालपुर क्षेत्र में कुल 250 .65 हेक्टेयर भूमि पर नगर विकास योजना क्रमांक 3 एवं 4 क्रियान्वित की जा रही है।द्वितीय चरण में करीब 175 करोड़ रुपए की लागत से अधोसंरचना विकास कार्य प्रस्तावित हैं, जिनमें– सड़कों का निर्माण,अंडरग्राउंड सीवरेज नेटवर्क,स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन,यूटिलिटी डक्ट, स्ट्रीट लाइटिंग,जल प्रदाय लाइनें अंडरग्राउंड विद्युत व्यवस्था, पार्क और अन्य नागरिक सुविधाएं शामिल हैं। इन कार्यों का भूमि पूजन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है, जिससे साफ है कि उज्जैन में विकास की यह रफ्तार आने वाले समय में और तेज होने वाली है।

### फोन कॉल से लेकर साइट विजिट

नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि प्रतिकल्पा परियोजना के लोकार्पण के बाद से लगातार फ्लैट और दुकानों को लेकर पूछताछ बढ़ गई है।प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर जानकारी ले रहे हैं, वहीं नानाखेड़ा स्थित साइट पर भी विजिट करने वालों की भीड़ देखी जा रही है। कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही हितग्राहियों को फ्लैट और शॉप्स का अवलोकन कराया जा रहा है, जिससे लोगों का भरोसा और उत्साह दोनों बढ़ रहा है।